# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

## जुलाई, 2009 सत्र

### शुक्रवार, दिनांक 24 जुलाई, 2009

### तारांकित प्रश्नोत्तर

कोरिया जिले में प्रचलित राशन कार्डों की संख्या

1. ( *क्र. 498 ) **श्री फूलचंद सिंह** : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कोरिया जिले में ए.पी.एल., बी.पी.एल., अंत्योदय अन्न योजना के प्रचलित राशन कार्डों की संख्या कितनी है ? (ख) क्या वर्ष 1991, 1997, 2002 की सर्वे सूची में जुड़े सभी बी.पी.एल. परिवारों को मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना का लाभ दिया जा रहा है ?

**खाद्य मंत्री** ( श्री पुन्नूलाल मोहले) : (क) कोरिया जिले में ए.पी.एल., बी.पी.एल., अन्त्योदय अन्न योजना के प्रचलित राशनकार्डों की संख्या निम्नानुसार है :—

| क्रमांक | योजना | राशनकार्ड की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | ए.पी.एल. | 99,643 |
| 2. | बी.पी.एल. (पीला) | 13,855 |
| 3. | अन्त्योदय | 20,008 |

(ख) जी हां.

भटगांव विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत रियायती दर पर खाद्यान्न प्राप्त करने वाले हितग्राहियों की जानकारी

2. ( *क्र. 527 ) **श्री रविशंकर त्रिपाठी** : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) भटगांव विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत जून, 2009 की स्थिति में मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना, अन्त्योदय योजना एवं अन्नपूर्णा योजना के तहत कितने-कितने हितग्राहियों को रियायती दर पर खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है ? (ख) क्या पूर्व में प्रश्नांक "क" में उल्लेखित योजनाओं के हितग्राहियों में कुछ हितग्राहियों के नाम हटाए गये हैं ? (ग) यदि हां, तो विकासखण्डवार विवरण देवें.

**खाद्य मंत्री** ( श्री पुन्नूलाल मोहले) : (क) भटगांव विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत माह जून, 2009 की स्थिति में मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के तहत 39437, अन्त्योदय अन्न योजना के तहत 9818 एवं अन्नपूर्णा योजना के तहत 552 कुल 49807 हितग्राहियों को रियायती दर पर खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है. (ख) जी नहीं. (ग) प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

जिला जांजगीर-चांपा के उद्योगों में पर्यावरण विभाग के अधिकारियों द्वारा किया गया निरीक्षण

3. ( *क्र. 316 ) **महन्त रामसुन्दर दास** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला जांजगीर-चांपा में 1 जनवरी, 2008 से 15 जून, 2009 तक किन-किन उद्योगों में कब-कब पर्यावरण विभाग के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया ? (ख) क्या जिला जांजगीर-चांपा में स्थापित समस्त उद्योगों में निरीक्षण के दौरान पर्यावरण संरक्षण के मापदण्डों के अनुरूप व्यवस्था पायी गयी ? यदि नहीं, तो ऐसे कौन-कौन से उद्योग हैं ? (ग) जिन उद्योगों में पर्यावरण संरक्षण मण्डल के मापदण्ड के पालन में चूक किया गया है उन उद्योगों के खिलाफ 30-06-09 तक क्या-क्या कार्यवाही की गयी है ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री राजेश मूणत) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "एक" अनुसार है. (ख) जी हां. प्रश्न उपस्थित नहीं होता है. (ग) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "दो" अनुसार है.

रायपुर नगरीय क्षेत्र में सौंदर्यीकरण पर व्यय राशि

4. ( *क्र. 582) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि रायपुर राजधानी क्षेत्र में तालाबों के सौंदर्यीकरण एवं सड़कों के चौड़ीकरण में वर्ष 2007-08 एवं 2008-09 में कितनी-कितनी राशि खर्च की गई है ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री राजेश मूणत ) : रायपुर राजधानी क्षेत्र में नगर निगम रायपुर द्वारा तालाबों के सौंदर्यीकरण एवं सड़कों के चौड़ीकरण में वर्ष 2007-08 एवं 2008-09 में निम्नानुसार राशि खर्च की गई है :—

( रुपये लाखों में )

| क्र. | वर्ष | तालाब सौंदर्यीकरण | आमापारा चौक से तात्यापारा चौक तक सड़क चौड़ीकरण | | गौरवपथ शास्त्री चौक से तेलीबांधा रिंग रोड चौक तक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | मुआवजा राशि | विकास कार्य | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | 2007-08 | 93.34 | 2159.85 | 92.83 | 34.10 |
| 2. | 2008-09 | 152.64 | — | 55.37 | 791.41 |
| | **योग** | **245.98** | **2159.85** | **148.20** | **825.51** |

जिला रायगढ़ में मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजनान्तर्गत राशन कार्डों का वितरण

5. ( *क्र. 575) **श्री नंदकुमार पटेल :** क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या रायगढ़ जिले के विधान सभा क्षेत्र खरसिया अंतर्गत रायगढ़, पुसौर एवं खरसिया विकासखंड के पात्र गरीबी रेखा सर्वे सूची में शामिल हितग्राहियों को मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजनान्तर्गत राशन कार्ड उपलब्ध कराया गया है ? यदि नहीं, तो कब तक करा दिया जाएगा ?

**खाद्य मंत्री** ( श्री पुन्नूलाल मोहले ) : जी हां. प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

जिला दंतेवाड़ा में सलवा जुडूम राहत शिविर से राशन का प्रदाय

6. ( *क्र. 283) **श्री लखमा कवासी :** क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) क्या यह सही है कि ग्राम पंचायत टेंटराई विकासखण्ड कोन्टा जिला दंतेवाड़ा के समस्त ग्रामीण आदिवासी सलवा-जुडूम राहत शिविर कैम्प, दोरनापाल से राशन प्राप्त हो रहा है ? ( ख ) ग्राम पंचायत टेंटराई में लैम्पस द्वारा संचालित दुकान में दो रुपये किलो चांवल का प्रदाय किन्हें किया जा रहा है ?

**खाद्य मंत्री** ( श्री पुन्नूलाल मोहले ) : ( क ) ग्राम पंचायत टेंटराई में ग्राम टेंटराई, तौलनाई, जौनागुड़ा शामिल है. उक्त ग्रामों में से ग्राम टेंटराई के 145 परिवार, ग्राम तौलनाई के 13 परिवार कुल 158 परिवार दोरनापाल सलवा जुडूम राहत शिविर में निवास कर रहे हैं. उक्त परिवारों को दोरनापाल सलवा जुडूम राहत शिविर से राशन सामग्री प्राप्त कर रहे हैं. ( ख ) ग्राम पंचायत टेंटराई में लैम्पस द्वारा संचालित दुकान से 378 राशन कार्डधारियों को मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना एवं बी.पी.एल. योजना का चावल दो रुपये किलो में प्रदाय किया जा रहा है.

जिला दुर्ग में वितरित राशन कार्ड के विरुद्ध आवंटि खाद्यान्न

7. ( *क्र. 607) **श्री दयालदास बघेल :** क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृ करेंगे कि ( क ) दुर्ग जिला में विभिन्न योजनाओं के तहत कुल कितने राशन कार्ड जारी किये गये हैं ? ( ख ) जारी किये गये राशन कार्ड विरुद्ध वर्ष 2009 में प्राप्त आवंटन की जानकारी विकासखण्डवार माहवार देवें.

**खाद्य मंत्री** ( श्री पुन्नूलाल मोहले ) : ( क ) दुर्ग जिले में विभिन्न योजनाओं ...त 7,.7,540 र शन कार्ड जारी किये गये. ( ख ) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" एवं "ब" पर है.

नई राजधानी में अवैध प्लाटिंग की प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही

8. ( *क्र. 241) **श्री कुलदीप जुनेजा :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) नई राजधानी क्षेत्र रायपुर में अवैध प्लाट विक्रय की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं ? शिकायतों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई ? (ख) नई राजधानी क्षेत्र में पंजीकृत कालोनाईजर द्वारा कुल कितने प्लाट कहां-कहां विकसित किए गए हैं ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री राजेश मूणत ) : (क) नई राजधानी क्षेत्र रायपुर जो अब नया रायपुर क्षेत्र है, में अवैध प्लाट विक्रय की दो लिखित शिकायतें प्राप्त हुई है. शिकायतों पर स्थल निरीक्षण कराया गया एवं अवैध प्लाटिंग करने वाले भू-स्वामियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम-1973 की धारा 37 (1) के अंतर्गत नोटिस जारी किए गए. (ख) नया रायपुर के अंतर्गत पंजीकृत कालोनाइजर द्वारा कोई भी प्लाट विकसित नहीं किया गया है.

जिला रायपुर में कृषि भूमि में अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही

9. ( *क्र. 213) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या रायपुर जिले में कृषि भूमि में अवैध प्लाटिंग के प्रकरणों के लिए सर्वेक्षण कराया गया है ? यदि हां, तो 15-06-2009 तक रायपुर जिले में अवैध प्लाटिंग के कितने प्रकरण पाए गए हैं ? (ख) अवैध प्लाटिंग करने के लिए कौन-कौन दोषी पाए गए हैं ? दोषियों के विरुद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गई है ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री राजेश मूणत ) : (क) जी हां. दिनांक 15-06-2009 तक अवैध प्लाटिंग के कुल 386 प्रकरण पाये गये हैं. (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट के अनुसार है.

अकलतरा विधान सभा क्षेत्र में नमक की आपूर्ति

10. ( *क्र. 6) **श्री सौरभ सिंह :** क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) अकलतरा विधान सभा क्षेत्र में माह जनवरी, फरवरी और मार्च, 2009 में कितना नमक उचित मूल्य की दुकानों को दिया गया ? (ख) नागरिक आपूर्ति निगम ने नमक खरीदने का ठेका किस एजेंसी/कम्पनी को कितने साल के लिए दिया है ?

**खाद्य मंत्री** ( श्री पुन्नूलाल मोहले ) : (क) अकलतरा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत संचालित उचित मूल्य दुकानों में माह जनवरी, 2009 में 62.44, माह फरवरी, 2009 से 385.32 एवं माह मार्च 2009 में 876.23 क्विंटल नमक का वितरण किया गया. (ख) छ. ग. राज्य नागरिक आपूर्ति निगम ने वर्ष 2009-10 में एक वर्ष हेतु मेसर्स रमेश साल्ट ट्रेडर्स हलवद, गुजरात को नमक क्रय करने का ठेका दिया है.

आरंग नगर पंचायत में गौरव पथ का निर्माण हेतु स्वीकृत राशि

11. ( *क्र. 113) **श्री रूद्र कुमार गुरू :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या आरंग विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत आरंग नगर पंचायत को गौरव पथ निर्माण की स्वीकृति दी गई है ? (ख) यदि हां, तो कितने कि. मी. की एवं कितनी-कितनी राशि स्वीकृत की गई है ? स्वीकृति का दिनांक, निर्माण अवधि, निर्माण एजेन्सी का नाम तथा कार्य की प्रगति की पृथक-पृथक जानकारी देवें.

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री राजेश मूणत ) : (क) जी हां. (ख) जानकारी परिशिष्ट पर † संलग्न है.

पर्यावरण संरक्षण मापदण्ड के पालन में चूक पर उद्योगों के खिलाफ की गई कार्यवाही

12. ( *क्र. 579) **श्री राजकमल सिंघानिया :** क्या नगरीय प्रशासन मंत्री, महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वित्तीय वर्ष 2008-09 एवं 2009-10 में दिनांक 15-06-2009 तक रायपुर जिले में स्थित किन-किन उद्योगों के निरीक्षण में पर्यावरण संरक्षण के मापदण्डों का पालन होना नहीं पाया गया ? (ख) मापदण्ड के पालन में चूक के खिलाफ क्या-क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों तथा कब तक की जावेगी ? (ग) रायपुर शहर को प्रदूषण मुक्त शहर बनाने के लिए क्या उपाय किये जा रहे हैं ?

---

† परिशिष्ट "एक"

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री राजेश मूणत ) : ( क ) † संलग्न परिशिष्ट अनुसार. ( ख ) प्रश्नाधीन अवधि में 45 इकाईयों को वायु ( प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण ) अधिनियम, 1981 की धारा "31क" के तहत नोटिस जारी किया गया. प्रश्नाधीन अवधि में इनमें से 05 इकाईयों द्वारा सुधार की कार्यवाही नहीं करने पर उत्पादन बंद करने के निर्देश दिये गये. कार्यवाही नहीं करने का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है. ( ग ) रायपुर शहर में प्रदूषण की स्थिति में सुधार करने के लिए निम्न उपाए किये जा रहे हैं :—

1. सिलतरा, उरला एवं बोरझरा, जिला रायपुर में शासन द्वारा दिनांक 16-03-2007 से नये कोयला आधारित स्पंज आयरन एवं पॉवर प्लांट इकाईयों को अनुमति देना बंद कर दिया गया है.

2. उद्योगों में वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों में उन्नयन/सुधार कर पार्टिकुलेट मेटर उत्सर्जन की मात्रा 50 मिलीग्राम प्रति सामान्य घनमीटर से कम लाने हेतु कार्यवाही की जा रही है.

3. उद्योगों के आंतरिक सड़कों को पक्का करने की कार्यवाही की जा रही है.

4. उद्योगों में परिसर एवं आस-पास वृक्षारोपण कराया जा रहा है.

5. प्रदूषण नियंत्रण संयंत्रों का नियमित संचालन सुनिश्चित किया जा रहा है.

6. मापदण्डों का पालन नहीं करने वाले उद्योगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है.

वर्ष 2008-09 में जिला राजनांदगांव में सेवा सहकारी समितियों में क्रय धान की मात्रा तथा भुगतान

13. ( *क्र. 158 ) **श्री भोलाराम साहू** : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) वर्ष 2008-09 में राजनांदगांव जिले में सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से कौन-कौन सा धान, कितनी-कितनी मात्रा में, किस-किस दर पर किसानों से खरीदी किया गया ? विकासखण्डवार जानकारी देवें. ( ख ) क्या खरीदे गये धान का पूर्ण भुगतान किसानों को कर दिया गया है ? अगर नहीं, तो क्यों ? ( ग ) खुज्जी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत किसानों को कितनी राशि का भुगतान किया जाना शेष है और कब तक पूर्ण राशि का भुगतान किया जायगा ?

**खाद्य मंत्री** ( श्री पुन्नूलाल मोहले ) : ( क ) वर्ष 2008-09 में राजनांदगांव जिले में सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से मोटा एवं सरना धान 850/- रु. तथा पतला धान 880/- रु. प्रति क्विंटल की दर से खरीदी की गयी है. विकासखण्डवार खरीदे गये धान की किस्मवार मात्रा की जानकारी परिशिष्ट पर †† संलग्न है. ( ख ) जी, हां. प्रश्न उपस्थित नहीं होता. ( ग ) खुज्जी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत किसानों से खरीदे गये धान की राशि का भुगतान किया जा चुका है. प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

लैलूंगा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत स्थापित स्पंज आयरन उद्योगों में ई. एस. पी. के संचालन का निरीक्षण

14. ( *क्र. 586 ) **श्री हृदयराम राठिया** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) लैलूंगा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थापित स्पंज आयरन उद्योगों की संख्या कितनी है ? उद्योगों के स्वामित्व के नाम पता सहित जानकारी देवें ? ( ख ) प्रश्नांश "क" के उत्तर में उल्लेखित स्पंज आयरन संयंत्र में क्या सभी में ई. एस. पी. लगाए गए हैं ? ( ग ) यदि हां, तो पर्यावरण सुरक्षा मंडल, रायगढ़ के किस स्तर के अधिकारी द्वारा विगत 6 माह में ई. एस. पी. संयंत्र चालू रहने या नहीं रहने के संबंध में निरीक्षण किया गया ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री राजेश मूणत ) : ( क ) 20 स्पंज आयरन उद्योग स्थापित हैं. जानकारी ‡ संलग्न परिशिष्ट अनुसार है. ( ख ) वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु 19 स्पंज ऑयरन उद्योगों में ई. एस. पी. तथा 01 उद्योग में बैग फिल्टर स्थापित है. ( ग ) क्षेत्रीय अधिकारी, प्रभारी रसायनज्ञ एवं प्रयोगशाला सहायक के द्वारा निरीक्षण किया गया है.

सरायपाली तथा बसना विकासखण्ड के बी.पी.एल. कार्डधारियों को सामग्री वितरण

15. ( *क्र. 53 ) **डॉ. हरिदास भारद्वाज** : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) महासमुन्द जिले के सरायपाली

---

† परिशिष्ट "दो" †† परिशिष्ट "तीन" ‡ परिशिष्ट "चार"

एवं बसना वि. खं. अंतर्गत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले विभिन्न कार्डधारियों को तीन रुपये प्रति किलो की दर से कितने हितग्राहियों को चावल प्रदाय किया जाता है ? (ख) उक्त बी. पी. एल. परिवार के हितग्राहियों को चावल के अतिरिक्त कौन-कौन सी सामग्री प्रदान की जाती है ? (ग) उक्त में से कितने हितग्राहियों का बी. पी. एल. कार्ड नहीं बन पाया है ?

**खाद्य मंत्री** ( श्री पुन्नूलाल मोहले ) : (क) सरायपाली एवं बसना विकासखण्ड के अन्तर्गत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले विभिन्न कार्डधारियों को तीन रुपये प्रति किलो की दर से 68,447 हितग्राहियों को चावल प्रदाय किया जाता है. (ख) बी. पी. एल. राशनकार्ड के हितग्राहियों को गेहू, शक्कर, नमक, केरोसिन एवं खाद्य तेल प्रदाय किया जाता है. (ग) सभी हितग्राहियों को बी. पी. एल. कार्ड बनाये जा रहे चुके हैं. किसी भी हितग्राही का राशन कार्ड बनाना शेष नहीं है.

रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़ व कोरबा में प्रदूषण से फसल प्रभावित होने की प्राप्त शिकायतें

16. ( *क्र. 236 ) **श्री अजीत प्रमोद कुमार जोगी** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़ व कोरबा में वर्ष 2007 एवं 2008 में वायु प्रदूषण, जल तथा ध्वनि प्रदूषण की मात्रा कितनी-कितनी ? (ख) उक्त जिलों में प्रदूषण के कारण फसलों के खराब होने के संबंध में वर्ष 2007-2008 एवं 2008-2009 में कितनी शिकायतें प्राप्त हुई ? वर्षवार जिलेवार जानकारी देवें.

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री राजेश मूणत ) : (क) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ", "ब" एवं "स" अनुसार. (ख) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "द" अनुसार.

कस्टम मिलिंग के धान का सत्यापन

17. ( *क्र. 602 ) **श्री धर्मजीत सिंह** : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सत्य है कि वर्ष 2007-08 से वर्ष 2008-09 एवं माह अप्रैल, 2009 के मध्य आर. पी. ऐग्रो मिल ग्राम मल्हार जिला बिलासपुर के संचालक द्वारा 1750 क्विंटल चांवल कस्टम मिलिंग के नाम पर एस. डब्ल्यू. सी. गोदाम जयराम नगर जिला बिलासपुर में जमा करना बताकर वहां से पावती प्राप्त कर उसी कागजात के आधार पर मार्कफेड बिलासपुर से 4500 क्विंटल धान प्राप्त किया गया है ? यदि हां, तो किस दिनांक को चांवल जमा करना बताया गया है एवं किस दिनांक को कितनी मात्रा में धान प्राप्त किया गया है, तिथिवार विवरण दें ? (ख) उक्त अवधि में एस. डब्ल्यू. सी. गोदाम जयराम नगर का किस-किस तिथि को सत्यापन किस-किस अधिकारी ने किया है ? (ग) क्या प्रश्न "क" की घटना के संदर्भ में कोई जांच विभाग द्वारा की गई है एवं किस-किस अधिकारी पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है ?

**खाद्य मंत्री** ( श्री पुन्नूलाल मोहले ) : (क) जी हां. जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" पर है. (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ब" पर है. (ग) जी हां. श्री ए. पी. पाण्डे, तत्कालीन जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम, श्री पी. आर. यादव एवं नवीन कुमार खांडे, तत्कालीन केन्द्र प्रभारी एस. डब्ल्यू. सी. जयराम नगर, श्री के. सी. गिरी संविदा तकनीकी अधिकारी केन्द्र जयराम नगर को निलंबित किया गया है. श्री पी. आर. यादव एवं के. सी. गिरी के विरुद्ध पुलिस थाना मस्तूरी में एफ. आई. आर. भी दर्ज कराई गई है.

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत बी. पी. एल. कार्डधारियों को प्रदत्त राशन

18. ( *क्र. 137 ) **श्रीमती प्रतिमा चन्द्राकर** : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कितने बी. पी. एल. कार्डधारी हैं ? शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की संख्या अलग-अलग देवें. (ख) दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत भिलाई नगर निगम क्षेत्र के 12 वार्डों में कितने बी. पी. एल. कार्डधारियों को मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के तहत राशन दिया जा रहा है एवं इन वार्डों में किन-किन संस्थाओं एवं व्यक्तियों द्वारा शासकीय राशन दुकान संचालित की जा रही है ?

**खाद्य मंत्री** ( श्री पुन्नूलाल मोहले ) : (क) दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्रांतर्गत गरीब कार्डधारियों की संख्या निम्नानुसार है :—

| नगरीय क्षेत्र | ग्रामीण क्षेत्र |
|---|---|
| 13672 | 14263 |

† परिशिष्ट "पांच"

(ख) दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत भिलाई नगर निगम क्षेत्र के 12 वार्डों में 13001 गरीब कार्डधारियों को मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के तहत राशन दिया जा रहा है. उक्त 12 वार्डों में 21 संस्थाओं के द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालित की जा रही है. जानकारी परिशिष्ट पर † संलग्न है.

उद्योगों के उत्सर्जित सॉलिड वेस्ट का डम्पिंग/व्यवस्थापन

19. ( *क्र. 583 ) **श्री देवजी भाई पटेल** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) औद्योगिक क्षेत्र उरला, सिलतरा, बोरझरा एवं धरसींवा के आस-पास के क्षेत्र में कितने स्पंज आयरन संयंत्र एवं पॉवर प्लांट स्थापित हैं ? नाम सहित ब्यौरा दें. ( ख ) कण्डिका ''क'' के उद्योग में प्रतिमाह कितना रॉ-मटेरियल और ईंधन ( कोयला/भूसा ) उपयोग में लाया जा रहा है ? वर्ष 2008-09 एवं 2009-10 में 30 जून, 2009 तक उद्योगवार जानकारी दें ? ( ग ) कण्डिका ''क'' के उद्योगों से निकलने वाले सभी प्रकार के सॉलिड वेस्ट के डम्पिंग ( डिस्पोजल ) की क्या व्यवस्था है ? क्या डिस्पोजल के लिए स्थान तय किया गया है ? यदि हां तो, कहां-कहां ? क्या उक्त अनुमति हेण्डलिंग एवं डिस्पोजल एक्ट 1989 के तहत दी गई है ? अगर हां तो कब और किनके द्वारा ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री राजेश मूणत ) : ( क ) जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट अनुसार है. ( ख ) स्पंज ऑयरन एवं पॉवर प्लांट इकाईयों में प्रश्नाधीन अवधि में रॉ-मटेरियल्स तथा ईंधन की वास्तविक खपत की जानकारी एकत्रित की जा रही है. ( ग ) प्रश्नांश ''क'' में उल्लेखित इकाईयों से उत्पन्न फ्लाई ऐश की कुछ मात्रा को सीमेंट निर्माण में एवं ईंट निर्माण में तथा चार-डोलोचार की कुछ मात्रा ईंधन के रूप में पॉवर प्लांट एवं ईंट भट्‌टों में उपयोग किया जाता है. शेष ठोस अपशिष्टों यथा चार-डोलोचार, ई एस पी डस्ट, राख आदि को उद्योगपतियों द्वारा समीप की अनुपयोगी खदानों अथवा भूमि पर संबंधित ग्राम पंचायत अथवा निजी भूमि स्वामी से सहमति के आधार पर भू-भरण हेतु उपयोग किया जाता है. इकाईयों के ठोस अपशिष्ट चार-डोलोचार ई एस पी डस्ट, राख आदि परिसंकटमय अपशिष्ट ( प्रबंधन, हथालन एवं सीमापार संचालन ) नियम, 2008 की परिधि में नहीं आता है. अतः प्रश्न उपस्थित नहीं होता है.

प्रदेश में धान खरीदी की जानकारी

20. ( *क्र. 576 ) **श्री नंदकुमार पटेल** : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) वर्ष 2008-09 में सहकारी समितियों के माध्यम से खरीफ फसल धान की खरीदी कुल कितनी मात्रा में की गई है ? जिलेवार खरीदी गई धान की मात्रा बतावें. प्रदेश में प्रति एकड़ औसत धान उत्पादन कितनी अनुमानित की गई है ? ( ख ) प्रश्नांश ( क ) के तहत किन-किन जिलों में प्रति हेक्टेयर अनुमानित औसत उत्पादन से अधिक मात्रा में धान की खरीदी की गई है ?

**खाद्य मंत्री** ( श्री पुन्नूलाल मोहले ) : ( क ) खरीफ वर्ष 2008-09 में सहकारी समितियों के द्वारा राज्य शासन द्वारा खरीदे गये धान की जिलेवार जानकारी परिशिष्ट पर ‡ संलग्न है. कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार वर्ष 2008-09 में प्रदेश की प्रति एकड़ धान की औसत उपज 9.10 क्विंटल अनुमानित की गई है. ( ख ) शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में 1577 धान उपार्जन केन्द्रों में की गई खरीदी अंतर्गत किसी भी जिले में जिले के कुल औसत उत्पादन से अधिक मात्रा में धान की खरीदी नहीं की गई है.

कोन्टा विकासखण्ड में अनाज दुकानों का संचालन

21. ( *क्र. 290 ) **श्री लखमा कवासी** : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले के कोन्टा विकासखण्ड के अंतर्गत आदिमजाति सहकारी सेवा संस्था द्वारा कितनी अनाज की दुकानें संचालित की जा रही है ? ( ख ) इस संस्था के पास दुकान संचालन हेतु कुल कितना रिवाल्विंग फंड उपलब्ध है ?

**खाद्य मंत्री** ( श्री पुन्नूलाल मोहले ) : ( क ) दक्षिण बस्तर जिले के कोन्टा विकासखण्ड में 05 आदिमजाति सहकारी सेवा संस्था कार्यरत है, उनके द्वारा 08 खाद्यान्न की दुकानें संचालित की जा रही है. ( ख ) इन संस्थाओं के पास दुकान संचालन हेतु कुल 5,20,000/- ( रुपये पांच लाख बीस हजार ) रिवाल्विंग फण्ड उपलब्ध है.

---

† परिशिष्ट ''छः'' †† परिशिष्ट ''सात'' ‡ परिशिष्ट ''आठ''

गोकुल नगर योजना हेतु स्वीकृत राशि

22. ( *क्र. 242 ) **श्री कुलदीप जुनेजा** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) राज्य शासन द्वारा गोकुल नगर योजना कब से लागू की गई तथा कितने शहरों में उक्त योजना स्वीकृत है ? ( ख ) रायपुर शहर में गोकुल नगर हेतु कब तथा कितनी राशि स्वीकृत की गई है तथा यह योजना कब तक पूर्ण किया जाना था ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री राजेश मूणत ) : ( क ) राज्य शासन द्वारा गोकुल नगर योजना वर्ष 2003-04 से लागू की गई है. 8 शहरों में उक्त योजना स्वीकृत है. ( ख ) रायपुर शहर में गोकुल नगर हेतु दिनांक 31-5-2004 को राशि रुपये 324.04 लाख स्वीकृत की गई है. योजना अप्रैल 2007 तक पूर्ण किया जाना था परंतु मार्च 2008 तक पूर्ण किया गया.

प्रदेश में धान संग्रहण केन्द्रों में आगजनी से हानि

23. ( *क्र. 214 ) **श्री रविन्द्र चौबे** : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) प्रदेश में धान संग्रहण केन्द्रों की संख्या कितनी है ? जिलेवार जानकारी देवें. ( ख ) वर्ष 2009 में 3-7-2009 तक कितने धान संग्रहण केन्द्रों में आगजनी की घटनाओं में कितना धान जलकर नष्ट हुआ ? नष्ट हुए धान की कीमत बतावें ?

**खाद्य मंत्री** ( श्री पुन्नूलाल मोहले ) : ( क ) जानकारी परिशिष्ट पर † संलग्न है. ( ख ) वर्ष 2009 में 3-7-2009 तक जिला महासमुंद के संग्रहण केन्द्र-महासमुंद, बसना, जिला दुर्ग के संग्रहण केन्द्र-जेवरा सिरसा, मालीघोरी, जिला राजनांदगांव के संग्रहण केन्द्र-सिंघोला तथा जिला धमतरी के संग्रहण केन्द्र-चिटौद संग्रहण केन्द्रों में आगजनी की घटना हुई. जिला महासमुंद एवं दुर्ग में आगजनी के कारण धान नष्ट नहीं हुआ. जिला राजनांदगांव के सिंघोला एवं धमतरी के चिटौद में 210.02 मे. टन ग्रेड-ए धान जलकर नष्ट हुआ. नष्ट हुये धान की कीमत समर्थन मूल्य के अनुसार रुपये 18,48,176.00 एवं इसमें बोनस सम्मिलित कर राशि रुपये 2415230.00 है.

खुज्जी विधान सभा क्षेत्रांतर्गत राशन दुकानों का आवंटन

24. ( *क्र. 533 ) **श्री भोलाराम साहू** : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) राजनांदगांव जिले के खुज्जी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत वर्तमान में कुल कितनी राशन दुकानें कहां-कहां पर किस-किस के द्वारा संचालित हो रही है ? ( ख ) राशन दुकानों का आवंटन किस प्रक्रिया के तहत किया गया है ?

**खाद्य मंत्री** ( श्री पुन्नूलाल मोहले ) : ( क ) राजनांदगांव जिले के खुज्जी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूह द्वारा 40, सेवा सहकारी समिति द्वारा 45, वन सुरक्षा समिति द्वारा 02, आदिमजाति सेवा सहकारी समिति द्वारा 17 एवं ग्राम पंचायत द्वारा 27 कुल 131 राशन दुकानें संचालित हैं. जानकारी परिशिष्ट पर †† संलग्न है. ( ख ) राशन दुकानों का आवंटन सार्वजनिक वितरण प्रणाली ( नियंत्रण ) आदेश 2004 में निर्धारित प्रावधानों के तहत किया गया है.

गोकुल नगर योजना में व्यय राशि

25. ( *क्र. 138 ) **श्रीमती प्रतिमा चन्द्राकर** : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) प्रदेश के किन-किन नगरीय निकायों में गोकुल नगर योजना प्रारंभ की गई है ? कुल कितनी धनराशि व्यय की गयी है ? कृपया स्थानवार अलग-अलग जानकारी देवें. ( ख ) दुर्ग एवं भिलाई नगर निगम में गोकुल नगर योजना में कितने डेयरी मालिकों को शेड आवंटित किया गया है तथा कितने डेयरी मालिक वहां व्यवस्थित हुए हैं ?

**नगरीय प्रशासन मंत्री** ( श्री राजेश मूणत ) : ( क ) प्रदेश के 8 नगरीय निकायों में गोकुल नगर योजना प्रारंभ की गई है. निकाय का नाम व दिनांक 10-7-09 तक व्यय का विवरण निम्नानुसार है :—

| क्रमांक (1) | निकाय का नाम (2) | व्यय राशि ( लाखों में ) (3) |
|---|---|---|
| 1. | नगर निगम, राजनांदगांव | 86.20 |

† परिशिष्ट "नौ" †† परिशिष्ट "दस"

| (1) | (2) | (3) |
|---|---|---|
| 2. | नगर निगम, रायपुर | 348.08 |
| 3. | नगर निगम, बिलासपुर | 239.66 |
| 4. | नगर निगम, कोरबा | 182.52 |
| 5. | नगर निगम, भिलाई | 180.20 |
| 6. | नगर निगम, दुर्ग | 157.41 |
| 7. | नगर निगम, चिरमिरी | 76.91 |
| 8. | नगर निगम, रायगढ़ | 29.92 |
| | **योग** | **1300.90** |

(ख) नगर निगम दुर्ग में गोकुल नगर योजनांतर्गत 80 हितग्राहियों को विस्थापित करने की योजना है, जिसमें 02 डेयरी मालिकों को भूखण्ड आवंटित किया गया है. शेड निर्माण कार्य डेयरी मालिकों के द्वारा किया जाना है. नगर निगम भिलाई में गोकुल नगर योजनांतर्गत 164 डेयरी मालिकों को भूखण्ड आवंटित किया गया है. अब तक 10 डेयरी मालिकों द्वारा स्वयं शेड निर्माण कर व्यवस्थापित हो चुके हैं.

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 11 (क्र. 113) के भाग (ख) की जानकारी ]

नगर पंचायत-आरंग

| क्र. | योजना का नाम | लंबाई | स्वीकृत राशि | स्वीकृति दिनांक | निर्माण अवधि | निर्माण एजेंसी का नाम | कार्य की प्रगति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1. | गौरव पथ निर्माण | 1.1 किमी. (1100 मीटर) | 67.62 लाख | 05-01-07 | कार्यादेश दि. 10-07-07 से 06 माह | ठेकेदार श्री संदीप माहेश्वरी, सिमगा | सी.सी. रोड निर्माण का कार्य 1062 मीटर पूर्ण, 03 नग कलवर्ट, निर्माण कार्य पूर्ण एवं 1100 मीटर के विरुद्ध 800 मीटर नाली निर्माण कार्य पूर्ण. |

परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 12 (क्र. 579) के भाग (क) की जानकारी ]

**01-04-2008 से 15-06-2009 की अवधि में निरीक्षण में पर्यावरण संरक्षण के मापदण्डों का पालन न करने वाले उद्योगों की सूची**

| क्रमांक | उद्योग का नाम |
|---|---|
| (1) | (2) |
| 1. | मे. भगवती पॉवर एंड स्टील प्रा. लिमिटेड सिलतरा, रायपुर (छ. ग.) |
| 2. | मे. गोदावरी पॉवर एंड इस्पात लिमिटेड सिलतरा, ग्रोथ सेंटर, फेस-1, सिलतरा, रायपुर (छ. ग.) |
| 3. | मे. इंडियन स्टील एंड पॉवर प्रा. लिमिटेड ग्राम चरौदा, मोंहदी रोड, सिलतरा, रायपुर (छ. ग.) |
| 4. | मे. वंदना ग्लोबल लिमिटेड औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा, रायपुर (छ. ग.) |
| 5. | मे. यूरो प्रतीक इस्पात प्रा. लिमिटेड, ग्राम टाडा, ब्लॉक धरसींवा, रायपुर (छ. ग.) |
| 6. | मे. देवी ऑयरन एंड पॉवर प्रा. लिमिटेड, ग्राम टाडा, सिलतरा, रायपुर (छ. ग.) |
| 7. | मे. रश्मि स्पंज आयरन एंड पॉवर इण्डस्ट्रीज लि. (पूर्व नाम मे. रश्मि स्पंज आयरन प्रा. लिमिटेड) सिलतरा, रायपुर (छ. ग.) |
| 8. | मे. पी. डी. इण्डस्ट्रीज प्रा. लिमिटेड सिलतरा, रायपुर (छ. ग.) |
| 9. | मे. महामाया स्पंज ऑयरन प्रा. लिमिटेड, फेज-1, औद्योगिक सिलतरा, रायपुर (छ. ग.) |
| 10. | मे. आरती स्पंज एंड पॉवर लिमिटेड ग्राम मुरेठी, बहेसर रोड, सिलतरा, रायपुर (छ. ग.) |
| 11. | मे. सुनील स्पंज प्रा. लिमिटेड सिलतरा, फेज-2, रायपुर (छ. ग.) |
| 12. | मे. बलदेव एलॉयज प्रा. लिमिटेड सिलतरा, रायपुर (छ. ग.) |
| 13. | मे. कार्पोरेट इस्पात एंड एलॉयज लिमिटेड ग्राम गिरौद, सिलतरा, रायपुर (छ. ग.) |
| 14. | मे. अभिजीत इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा. लिमिटेड ग्राम गिरौद, सिलतरा, रायपुर (छ. ग.) |
| 15. | मे. धनकुन स्टील प्रा. लिमिटेड ग्राम सोण्ड्रा, ब्लॉक धरसींवा, रायपुर (छ. ग.) |
| 16. | मे. रियल इस्पात प्रा. लिमिटेड बोरझरा, उरला, रायपुर (छ. ग.) |
| 17. | मे. शिल्फी स्टील प्रा. लिमिटेड, बोरझरा, उरला, रायपुर (छ. ग.) |
| 18. | मे. सत्यार्थ स्टील एंड पॉवर प्रा. लिमिटेड ग्राम बोरझरा, ब्लॉक धरसींवा, रायपुर (छ. ग.) |
| 19. | मे. शिवालय इस्पात एंड पावर प्रा. लिमिटेड, ग्राम-करा, गुमा-उरला रोड, रायपुर (छ. ग.) |
| 20. | मे. रायमाता इस्पात इंडिया प्रा. लिमिटेड, ग्राम-चरौदा, ब्लॉक धरसींवा, रायपुर (छ. ग.) |
| 21. | मे. गगन रिसोर्सेज, प्रा. लिमिटेड, मुरेठी, सिलतरा, रायपुर (छ. ग.) |
| 22. | मे. ए. सी. स्टील्स औद्योगिक क्षेत्र उरला, रायपुर (छ. ग.) |
| 23. | मे. एच. एस. आर. रि-रोलर्स प्रा. लिमिटेड, औद्योगिक क्षेत्र उरला, रायपुर (छ. ग.) |
| 24. | मे. ए. एस. इस्पात उद्योग जरवाय, हीरापुर, रायपुर (छ. ग.) |
| 25. | मे. अग्रवाल विद्युत ग्राम बिलाड़ी, सिमगा रोड, पोस्ट नेवरा, रायपुर (छ. ग.) |
| 26. | मे. सतीश स्टील इण्डस्ट्रीज रिंग रोड नं.-2, सोनडोंगरी, रायपुर (छ. ग.) |
| 27. | मे. आर. के. इस्पात उद्योग रिंग रोड नं. 2, सोनडोंगरी, रायपुर (छ. ग.) |
| 28. | मे. अग्रवाल स्पंज लिमिटेड, प्लाट क्रमांक 91-92, सिलतरा, ग्रोथ सेंटर, फेज-2, रायपुर, रायपुर (छ. ग.) |
| 29. | श्री श्रेणीक जैन पिता श्री जय कुमार जैन (बाबा चौधरी) वार्ड नं.-06, मैडम चौक, नवापारा-राजिम, रायपुर (छ. ग.) |
| 30. | श्री वासुदेव प्रीतवानी, द्वारा-वासुदेव अट्टूमल प्रीतवानी स्टोन क्रशर, ग्राम-दौंदेकला, रायपुर (छ. ग.) |
| 31. | श्री अट्टूमल प्रीतवानी, द्वारा-अट्टूमल प्रीतवानी स्टोन क्रशर, ग्राम-दौंदेकला, रायपुर (छ. ग.) |
| 32. | श्री शंकर अठवानी, द्वारा-गीतादेवी अठवानी स्टोन क्रशर, ग्राम-दौंदेकला, रायपुर (छ. ग.) |

| (1) | (2) |
|---|---|
| 33. | श्री परेश पटेल, द्वारा-टीकमचंद नागवानी स्टोन क्रशर, ग्राम-दौंदेकला, रायपुर (छ. ग.) |
| 34. | श्री मोहम्मद हामिद, द्वारा-मनीष डागा स्टोन क्रशर, ग्राम-दौंदेखुर्द, रायपुर (छ. ग.) |
| 35. | मे. वासवानी इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, ग्राम-सोण्ड्रा, ब्लॉक धरसींवा, रायपुर (छ. ग.) |
| 36. | मे. एस. के. एस. इस्पात एंड पॉवर लिमिटेड, ग्राम-सिलतरा, औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा के समीप, फेज-2, रायपुर (छ. ग.) |
| 37. | श्रीमति हरविंदर कौर गांधी, मे. एच. के. गांधी स्टोन क्रशर एंड माईनिंग, ग्राम मंदिर हसौद, तहसील आरंग, रायपुर (छ. ग.) |
| 38. | श्रीमति परमिंदर कौर, मे. एस. पी. माईनिंग इण्डस्ट्रीज ग्राम मंदिर हसौद, तहसील आरंग, रायपुर (छ. ग.) |
| 39. | श्री अजय जैन, डॉयरेक्टर मे. सौम्या माईनिंग प्रा. लिमिटेड, ग्राम मंदिर हसौद, तहसील आरंग, रायपुर (छ. ग.) |
| 40. | श्री रमेश पटेल, प्रोपराईटर मे. जलाराम माईनिंग इण्डस्ट्री, ग्राम मंदिर हसौद, तहसील आरंग, रायपुर (छ. ग.) |
| 41. | श्री अमित मसीह, मे. बालाजी मिनरल्स, ग्राम मंदिर हसौद, रायपुर (छ. ग.) |
| 42. | मे. इस्पात इंडिया, प्लाट क्रमांक 4, 9, फेज-2, सिलतरा, रायपुर (छ. ग.) |
